

## एक नजर

### बदले जा सकते हैं काम नहीं करने वाले जिला अध्यक्ष

**पचमढी.** विपक्ष के नेता राहुल गांधी मध्यप्रदेश के दौरे पर हैं। पचमढ़ी में राहुल गांधी ने कांग्रेस के बड़े नेताओं के साथ बैठक की। मीटिंग के बाद कांग्रेस नेताओं ने बताया कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कांग्रेस संगठन को मजबूत करने पर चर्चा की। पार्टी में समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए हैं। विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ मीटिंग में शामिल पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए चर्चा हुई। जिला अध्यक्षों का प्रशिक्षण संगठन को मजबूत करने में कारगर साबित होता है। अगले 3 साल के लिए लक्ष्य तय करने की बात पूर्व नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह ने कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सभी नेताओं को मोटिवेट किया है। उन्होंने पार्टी में समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए हैं। अगले 3 साल के लिए लक्ष्य तय करने की बात कही है। राहुल गांधी ने आगामी 3 साल के लिए पार्टी के संगठन गांव तक पहुंचने के लिए निर्देश दिए हैं। पूर्व नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह ने बताया कि राहुल गांधी ने मीटिंग में कहा कि जिला कांग्रेस काफी मजबूत बनाई जाए। संगठन का विकेंद्रीकरण होगा। उसके बाद बूथ स्तर पर जाएंगे। जन समस्याओं को लेकर जारी रखें। राहुल गांधी ने साफ कहा कि जो जिला अध्यक्ष काम नहीं करेंगे, पार्टी के एजेंडे पर सफल नहीं हुए तो संगठन से उन्हें बदला भी जा सकता है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने बताया कि जिले में सभी मामलों का निर्णय होगा। बिना कमेटी की परमिशन के कहीं पर आंदोलन नहीं होगा। जन समस्या पर अध्यक्ष किसी को भी आंदोलन करने के लिए रोकेंगे भी नहीं। पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने बताया कि राहुल गांधी ने निर्देश दिए कि पॉलिटिकल अफेयर कमेटी की बैठक जल्द हो। उसमें जो फैसला हो.

# कांग्रेसियों, राहुल तुम्हें डुबो देगा : डॉ. शर्मा

**विरोध का कारण पूछा तो विरोधी बोले कि राहुल जी विरोध करते हैं इसलिए विरोध कर रहे हैं। जो सबसे ज्यादा विरोध करते हैं उनके सामने ही हम वीर सावरकर की प्रतिमा अनावरण कर रहे हैं।**

नवभारत न्यूज

**इटारसी, 08 नवम्बर** नगर पालिका परिषद इटारसी द्वारा पुरानी इटारसी में डेढ करोड रुपये की लागत से बने वीर सावरकर स्टेडियम व दशहरा मैदान का लोकार्पण और वीर सावरकर की प्रतिमा का अनावरण किया गया.इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने कहा कि वीर सावरकर के बारे में पंडित जवाहर लाल नेहरु ने भारत एक खोज पुस्तक में लिखा है, वे बडे स्वतंत्रता सैनानी थे और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 28 मई 1970 को वीर सावरकर के नाम पर डाक टिकट जारी की थी। विधायक ने कहा अरे कांग्रेसी मुर्खो तुम राहुल बाबा की बात नहीं मानो, वह तुम्हे समुद्र में डूबा देगा। सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि अलोचना की चिंता नहीं, हमारा मंशा सही काम करने की है। उन्होंने कहा वीर सावकर को दो-दो अजन्म कारावास की सजा मिली,इतिहास में सिर्फ उन्हें ही मिली। उन्हेंाने अपने रक्त से कालापानी की काल कोठरी में इतिहास लिखा। वहीं नपा अध्यक्ष पंकज चौरे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नगरपालिका परिषद में जब सूखा सरोवर मैदान का नाम वीर सावरकर स्टेडियम करने का प्रस्ताव लेकर आए तो कांग्रेसी विरोध करने लगे। कांग्रेस पार्षदों से ज्यादा अन्य कांग्रेसी विरोध करने लगे। वे कार्यालय के नीचे विरोध कर रहे थे, हमनें पूछा क्यों विरोध कर रहे हो, तो कहने लगे विरोध कर रहे हैं, कारण पूछता को कहने लगे, राहुल जी विरोध करते हैं इसलिए विरोध कर रहे हैं। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा आज बाबा (राहुल) पचमढी आए हुए हैं। भगवान संयोग बना देता है, जो सबसे ज्यादा विरोध करते हैं वे उनके सामने ही हम वीर सावरकर की प्रतिमा अनावरण कर रहे हैं। प्रभु ने उन्हें यहां पहुंचाया कि जाओ और वहां इतिहास पढो। इस अवसर पर सांसद दर्शन सिंह चौधरी, विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, नपा अध्यक्ष पंकज चौरे, मप्र तैराकी संघ अध्यक्ष पीयूष शर्मा, नपा उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत, भाजपा पिछडा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष जयकिशोर चौधरी, स्थानीय पार्षद जिमी कैथवास, भाजपा मंडल अध्यक्ष मयंक मेहतो, राहुल चौरे, दीपक अठौत्रा,सीएमओ रितु मेहरा, सभापति राकेश जाधव सहित अन्य की मौजूदगी में हुआ।




# एक दिन बाद मिल रहा पीने का पानी, करोड़ों की योजना बेकार




नव भारत न्यूज

**हण्डिया 8 नवम्बर 2025** प्रधानमंत्री मोदीजी कि अति महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना इन दिनों आम नागरिक के लिए नागपाश बनतीं जा रहीं हैं. बताया जाता है कि खेडीनीमा ग्राम पंचायत में लोक स्वास्थ्य यांत्रिक विभाग और ठेकेदार द्वारा करोड़ों रुपये की लागत से पेयजल उपलब्ध कराने के लिए सभी वार्ड में पाइप लाइन बिछाने तथा प्रत्येक नागरिक को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने के लिए निर्देशित किया गया था। मगर महिनों बीत जाने के बाद भी उन्हें आजतक एक बूंद पानी नसीब नहीं हुआ है ग्राम खेडीनीमा तथा कांकरदा ग्राम जामुन बली में ग्राम स्वराज का सपना देखने वाले भोली भाली ग्रामीण जनता आज भी नदी किनारे प्यासी बैठी है अधिकांश वाड्र्स के नलों में पानी कब आयेगा कोई गारंटी नहीं है। वास्तविक धरातल पर तो इस योजना की जो दुर्गगति में देखने को मिल रही हैं वह किसी भी जिम्मेदार से नहीं छिपी है . लोक स्वास्थ्य यांत्रिक विभाग का यह दायित्व बनता है कि अपूर्ण और बन्द हालत में पड़ी यह योजनाओं को तत्काल प्राथमिकता के साथ चालू कराने का प्रयास करे ताकि प्यासे कण्ठों को गिला किया जा सकें। हण्डिया तहसील की पेयजल योजना के संबंध में अधिकारी मौन क्यों बैठे हैं? ग्रामीणों ने समय समय पर अपनी समस्याओं के सम्बन्ध में शासन/प्रशासन को भी जगाने के लिए प्रयास किये मगर सफलता हाथ नहीं लगी. वार्डवासियों को पेयजल समस्या का हल कराने के लिए जिम्मेदारों के दरबाजे भी खटखटाये गये। मगर आज तक वेबश और लाचार जनता आखिर अपनी फरियाद करे भी तो किससे सामने ना तो जनता की आबाज किसी को सुनाई देती है। और न दिखाई देती है। ग्रामीण क्षेत्रों में तो पेयजल के पाइप से गरीबों कि झौपडियो तक नल कनेक्शन का अवतरण कार्य तो ठेकेदारो ने कराकर अपना उल्लू सीधा कर लिया है। लेकिन प्रधानमंत्री श्री मोदी जी कि इस महत्वाकांक्षा योजना आज भी अपूर्ण हालत में चीख् चीख् कर भरष्टाचार की कहानी कह रहीं है। ग्राम पंचायत कि यदि बात कि जाये तो यहाँ शासन की योजनाओं को मूर्त रूप तो दिया जाता है। मगर वास्तविक रूप से निर्वाहन नहीं होने से योजनाएं दम तोड़ रही हैं। उधर ग्रामीणों का कहना है कि पेयजल संकट आज भी है कल भी था और आगे भी रहेगा.

## प्रकरण ऑनलाइन ही प्राप्त करें, राजस्व मामले अनावश्यक लंबित न रखे जाएं

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम/08,नवम्बर,2025** कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय (राजस्व) सिवनी मालवा का निरीक्षण कर मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया राजस्व प्रकरणों, नजूल, आरसीएमएस आदि की समीक्षा की। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान उपस्थित बीएलओ से प्रक्रिया की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने बीएलओ एप के माध?यम से स्वयं मैपिंग के कार्य में प्रोजिनी डाटा को अद्यतन किए जाने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन दिया। कलेक्टर ने एसडीएम को निर्देश दिए की मैपिंग करते समय यह बात सुनिश्चित की जाए की कोई भी पात्र मतदाता की जानकारी अद्यतन करते समय किसी भी प्रकार की त्रुटि न हो। उन्होंने निर्देश दिए की स्क्ष्क्र प्रक्रिया के तहत मतदाता प्रपत्र भरने हेतु मतदाताओं को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जाए।

इस हेतु बीएलओ के अतिरिक्त, सचिव, एएनएम, आशा कार्यकर्ता, जीआरएस आदि की भी सहायता ली जाए। इस दौरान कलेक्टर ने मतदाता प्रपत्र के वितरण की जानकारी भी ली।

## राष्ट्रीय गीत की वर्षगांठ मनाई गई

**नर्मदापुरम** शनिवार को जिला पंचायत कार्यालय के परिसर में 150वीं वंदे मातरम राष्ट्रीयगीत वर्षगांठ के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व जनपद अध्यक्ष और वर्तमान जनपद सदस्य एवं जिला पंचायत के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम गीत के सामूहिक गायन से हुई, जिसने सभी उपस्थित लोगों को देशभक्ति की भावना से भर दिया।

# अवैध मछलियों की बिक्री जारी

नव भारत न्यूज

**हण्डिया 08 नवम्बर** इंदिरा सागर के नर्मदा बैक वॉटर क्षेत्र से प्रतिदिन क्विंटलो से मछलियों का अवैध व्यापार किया जा रहा है . जिससे ठेकेदार व शासन को लाखों रुपए की हानि उठानी पड़ रही है।

बताया जाता है कि इदिंरा सागर डेम के मछली ठेकेदार द्वारा मछली पकड़ने के लिए मांझी (ढीमर)लोगों को समिति बनाकर मछली को निधार्रित मूल्यों पर देकर अपना जीवन यापन चलाने के लिए ढीमर लोगों को समितियों से जोडा गया है। मगर मछलियों कि नियमों के विरुद्ध कुछ व्यापरियों द्वारा खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रहीं हैं। जिससे मछलियों का अवैध व्यापार करने वाले लोगों के होसले बुलंद होते जा रहे हैं। नर्मदा के बैक वॉटर क्षेत्र में खुलेआम मछली खरीदने वाले व्यापारी मोटर साइकिल से प्रतिदिन क्विंटल से मछलियों का कारोबार किया जा रहा है! जिससे ठेकेदार द्वारा बनाई गई समिति को लाखों रूपये की हानि हो रही है।

**ठंड का दौर जारी**

**इटारसी.** नर्मदांचल क्षेत्र में ठंड का प्रकोप जारी हो चुका है. रात में तापमान गिरने के साथ साथ दिन में भी ठंड का अहसास हो रहा है.

## स्कूल छात्रों को मिला कॅरियर मार्गदर्शन, रोजगार कार्यालय ने की काउंसलिंग

**सत्र के दौरान छात्रों ने अपनी जिज्ञासाएं खुलकर सामने रखीं, जिनका परामर्शदाताओं ने धैर्यपूर्वक समाधान किया।**

नवभारत न्यूज

**बनखेड़ी, 08 नवम्बर** जिला रोजगार कार्यालय, नर्मदापुरम की कैरियर काउंसलिंग योजना के तहत, स्थानीय शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक संदीपनी विद्यालय बनखेड़ी के छात्र-छात्राओं के लिए कॅरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके भविष्य के लिए सही दिशा और जानकारी प्रदान करना था।कॅरियर काउंसलिंग सत्र से पहले, छात्र-छात्राओं से उनकी रुचियों और शैक्षिक पृष्ठभूमि को समझने के लिए व्यक्तिगत सूचना फार्म भरवाए गए। इस पहल से परामर्शदाताओं को व्यक्तिगत रूप से मार्गदर्शन देने में सहायता मिली। सत्र के दौरान, छात्रों ने अपनी जिज्ञासाएं खुलकर सामने रखीं, जिनका परामर्शदाताओं ने धैर्यपूर्वक समाधान किया। छात्रों के प्रश्नों की श्रृंखला काफी विविध थी। जहां किसी विद्यार्थी ने डॉक्टर कैसे बनते हैं के बारे में जानना चाहा, वहीं किसी ने कलेक्टर बनने की प्रक्रिया पर सवाल किया। छात्र-छात्राओं को विषय चयन के महत्व, अपनी रुचि और क्षमता को पहचानने तथा व्यक्तित्व विकास जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत रूप से समझाया गया।

## खेल प्रतियोगिता के संबंध में बैठक

**सोहागपुर।** स्व. डॉ. अरविंद सिंह चौहान सोशल वेलफेयर खेल एकेडमी, सोहागपुर की ओर से समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों को सूचित किया गया है कि आगामी 10 नवम्बर 2025, दिन सोमवार दोपहर 2:00 बजे से जवाहरलाल नेहरू स्मृति महाविद्यालय परिसर, सोहागपुर में एक आवश्यक बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में महाविद्यालय सत्र 2025-26 के अंतर्गत आयोजित किए जाने वाले वार्षिक महोत्सव कार्यक्रम, हॉकी टूर्नामेंट, कबड्डी टूर्नामेंट एवं कुश्ती प्रतियोगिता जैसे विविध खेल आयोजनों की रूपरेखा पर चर्चा की जाएगी। इस बैठक में सभी कार्यक्रमों की तैयारी, तिथियों एवं जिम्मेदारियों का निर्धारण किया जाएगा।

# न्यायोत्सव के तहत 9 से 14 तक विधिक सेवा सप्ताह

**''न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह'' की श्रृंखला में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।**

नवभारत न्यूज

**हरदा, 08 नवम्बर** विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में 9 से 14 नवम्बर तक ''न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह'' का आयोजन किया जा रहा है। ''न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह'' की श्रृंखला में 9 से 14 नवम्बर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। विधिक सेवा योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं जनसामान्य तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से साप्ताहिक जागरूकता कार्यक्रम की श्रृंखला आयोजित की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. रघुवंशी ने साप्ताहिक जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन हेतु आदेश जारी किये है। जारी आदेश अनुसार 9 नवम्बर को जिला न्यायालय परिसर के ए.डी.आर सेंटर से कानूनी मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा 11 नवम्बर को प्रात: 11:30 बजे से सेंट मेरी को-एड स्कूल तथा दोपहर 1 बजे से शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा में भाषण, वाद-विवाद, निबन्ध लेखन व पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार 13 नवम्बर को प्रात: 10 बजे से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बागरूल स्थित दिव्यांग छात्रावास में दिव्यांग बच्चों से संबंधित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी तथा 14 नवम्बर को विद्यालय स्तर पर स्टोरी टेलेंट, रोल प्ले, क्वीज काम्पिटिशन जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

# झूठे आरोपों के खिलाफ कार्यवाही की जाए- खंडेलवाल



नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 08 नवम्बर** भारतीय जनता पार्टी के झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. अखिलेश खंडेलवाल ने आज थाना कोतवाली नर्मदापुरम में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई है। इस शिकायत में कांग्रेस नेता और सांसद राहुल गांधी पर भारत की लोकतांत्रिक मतदान प्रणाली के विरुद्ध झूठे एवं भ्रामक आरोप लगाने का आरोप लगाया गया है।

डॉ. खंडेलवाल ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि राहुल गांधी ने सोशल मीडिया और समाचार माध्यमों के जरिए एक मॉडल की फर्जी तस्वीर साझा कर यह दावा किया कि भारत की मतदान प्रणाली में फेक वोटर्स (नकली मतदाता) शामिल हैं। शिकायत के अनुसार यह तस्वीर वास्तविक मतदान प्रणाली से संबंधित नहीं है, बल्कि किसी विदेशी (ब्राजीलियन) मॉडल की है, जिसे भारत की चुनाव प्रणाली के रूप में गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया। उस मॉडल ने इसका खंडन भी किया है कि वो कभी भारत आई ही नहीं तो वोट डालने या लिस्ट में नाम होने का सवाल ही नहीं उठता।

डॉ. खंडेलवाल ने इसे भारतीय लोकतंत्र और भारत निर्वाचन आयोग की साख पर आघात बताया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कृत्य से देश की चुनाव प्रक्रिया पर अविश्वास फैलाने और सामाजिक सौहार्द को प्रभावित करने की कोशिश की गई है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से अनुरोध किया है कि इस मामले में उचित कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि चुनाव प्रक्रिया की गरिमा और समाज में शांति बनी रहे।

# नर्मदापुरम टीम की पहली पारी में 104 रनों की बढ़त

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 08 नवम्बर** स्वर्गीय जिनवार दास फौजदार स्मृति में आयोजित अंडर-15 बालक वर्ग प्रतियोगिता में तीसरा मुकाबला बैतूल एवं नर्मदापुरम के मध्य खेला गया। संभाग के सचिव श्री प्रदीप सिंह तोमर ने बताया कि एमपीसीए ग्राउंड पर नर्मदापुरम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 127 रनों पर ऑल आउट हो गई। जवाब में बैतूल की टीम महज 65 रन ही बना सकी।दूसरी पारी में खेल खत्म होने तक नर्मदापुरम टीम का स्कोर 42 रन 4 विकेट पर है।मैच में मैनेजिंग कमेटी के सदस्य श्री अनुराग मिश्रा एवं सिलेक्शन कमेटी के चेयरमैन संजय नाफदे, शफीक खान,मनोहर बिल्थरिया, नितेश राजपूत,सुनील कालोसिया सहित नर्मदापुरम के कोच अनिकेत परमार , बैतूल कोच वंश मौजूद रहे मैच में अंपायर विशाल शर्मा एवं फ़ज़ल खान और स्कोरर की भूमिका दिनेश वर्मा ने निभाई।



**स्कोर कार्ड**

नर्मदापुरम पहली पारी - 127/10/35 ओवर बैतूल पहली पारी - 65/10/39 ओवर, नर्मदापुरम दूसरी पारी - 42/4/10 ओवर खेल जारी।

## मंत्री श्री पटेल ने हंडिया बैराज का अवलोकन किया

**हरदा, 08 नवम्बर 2025** प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने शनिवार को जिले के ग्राम भमोरी में 1294.27 करोड़ रूपये की लागत से निर्माणाधीन हंडिया बैराज माइक्रो उद्वहन सिंचाई एवं जल विद्युत परियोजना का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होने उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान एसडीएम अशोक डेहरिया, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# एकता का परिचय देना एवं संगठित रहना चाहिए

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 08 नवम्बर** बर्तन व्यापारी संघ नर्मदापुरम द्वारा दीपावली मिलन समारोह गत दिवस फूड उस्ताद रेस्टोरेंट में संघ समस्त पदाधिकारी,सदस्यों की उपस्थिति मे सम्पन्न हुआ। इस अवसर बर्तन व्यापारी संघ के अध्यक्ष ने कार्यक्रम मे उपस्थिति पर कहां की ऐसे ही एकता का परिचय देना ओर हर परिस्थिति पर संगठित रहना चाहिए। उन्होंने कहां की हमें समाज सेवा के क्षेत्र मे कुछ काम करना चाहिए इस पर सर्वसम्मति से कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए। जिसमें मोहल्ले से निकलने वाली धार्मिक शोभायात्रायों का स्वागत किया जायेगा,नर्मदा जयंती पर प्रसाद वितरण किया जायेगा एवं वर्षा ऋतु मे वृक्षारोपण करने का निर्णय लिया। इसी के साथ अन्य निर्णय भी लिए गये। इस दौरान बर्तन व्यापारी संघ के अध्यक्ष किशोर करैया, सचिव चरणजीत सिंह वाधवान, कोषाध्यक्ष अरविंद कांसकार, उपाध्यक्ष इरफान अली, सुभाष गुप्ता, प्रदीप लोहिया, विकास लोहिया, सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहें।



## स्वास्थ्य कार्यक्रम में 7 को मिली दवा व परामर्श

**नर्मदापुरम** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत 8 नवंबर (शनिवार) को सीएचसी डोलरिया में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नरसिंह गेहलोत के निर्देश पर किया गया। शिविर में कुल 19 व्यक्तियों की मानसिक स्वास्थ्य स्क्रीनिंग की गई, जिनमें से 7 को संक्रमित पाया गया। इन रोगियों को दवा व परामर्श प्रदान किया गया। साइकोलॉजिस्ट नाजिया सिद्दीकी ने उपस्थित लोगों को 'मनहित' एप तथा मनकक्ष के कार्यों के बारे में जानकारी दी.


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पुत्र ध्रुव राज प्रजापति के आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरे पुत्र का नाम विमल कुमार प्रजापति दर्ज हो गया है। मेरे पुत्र का सही नाम ध्रुव राज प्रजापति है जो कि उसके शैक्षणिक दस्तावेजों केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (कक्षा 10 वी) की अंकसूची में दर्ज है। मेरे द्वारा इस सूचना का प्रकाशन मेरे पुत्र के आधार कार्ड में विमल कुमार प्रजापति के स्थान पर सही नाम ध्रुव राज प्रजापति आत्मज श्री राजकुमार प्रजापति दर्ज कराने हेतु किया जा रहा है। इस संबंध में मेरे द्वारा एक शपथ पत्र भी निष्पादित किया जा रहा है।

दिनांक - 08.11.2025
स्थान - इटारसी

भवदीय
राजकुमार प्रजापति आ.श्री गौरीशंकर प्रजापति
सीनियर एम.आई.जी.-338 ब्लॉक 12,
सांई फारर्च्युन सिटी सोनासांवरी,
इटारसी तह. इटारसी,
जिला-नर्मदापुरम (म.प्र.)


# विद्यालय परिसर बना संसद भवन, दर्शक बने सांसद, विधायक




**विद्यालय में अध्यक्षीय आसन सहित पूरा परिसर ही संसद कक्ष लग रहा था।**

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 08 नवम्बर 2025** समेरिटंस विद्यालय मालाखेड़ी में शनिवार को युवा संसद का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर को संसद भवन में तब्दील किया गया। अध्यक्षीय आसन सहित पूरा परिसर ही संसद कक्ष लग रहा था। इस दौरान विद्यार्थियों के एक दल पक्ष था तो दूसरा विपक्ष। दोनों के बीच कई बार तीखी तकरार तो कई अवसरों पर हंसी ठिठोली भी हुई। युवा संसद में शिक्षा, स्वास्थ्य, सोशल मीडिया, पर्यावरण, उद्योग, कृषि नीति सहित पर विस्तार से चर्चा हुई। सत्ता पक्ष ने जहां अपने कार्यों, नीतियों और जनकल्याणकारी कामों को गिनाया तो विपक्ष ने सरकार को हर मुद्दे पर घेरने का प्रयास किया। युवा संसद के इस आयोजन में संसद की पूरी परंपराएं निभाने का प्रयास किया गया। बैठक व्यवस्था से लेकर सांसदों को बैठने की व्यवस्था संसद की भांति की गई थी। कार्रवाई शुरू करने से पहले राष्ट्रीय गीत का गायन हुआ। चर्चा के दौरान संसदीय शब्दावली का ही प्रयोग किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती और भारत माता की पूजन से हुआ। कार्यक्रम में सांसद दर्शन सिंह, राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, विधायक ठाकुर विजय पाल सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों के इस प्रयास को खूब सराहा। कार्यक्रम का संचालन अंशु गौर और मनीषा शर्मा ने किया। कार्यक्रम की रूपरेखा डायरेक्टर डा आशुतोष शर्मा ने रखी।

**इनका कहना है कि**

यह सुखद संयोग है कि युवा संसद में विधानसभा, राज्यसभा और लोकसभा तीनों का प्रतिनिधित्व है। बच्चों के प्रयास सराहनीय हैं। यही आगे चलकर देश को संचालित करेंगे। **दर्शन सिंह चौधरी,सांसद**

कार्रवाई बहुत गंभीरता से चली। इसके माध्यम से आपने सदन की व्यवस्था को समझा।आगे चलकर आपको भी देश का प्रतिनिधित्व करना है। आपका भविष्य उज्ज्वल है। **माया नारोलिया, राज्यसभा सांसद**

पक्ष और विपक्ष दोनों ने ही अपनी भूमिका का निर्वाह बहुत अच्छी तरह से किया। अध्यक्ष जी भी बहुत गंभीर दिखाई। आप संकल्प के साथ अपनी भूमिका निभाएं। यही कामना है। **विजय पाल सिंह, विधायक**

# पुराना फुट ओव्हर ब्रिज जर्जर होने के कारण आज से स्थायी रूप से बंद

**सभी रेल यात्रियों से अनुरोध है कि वे अब पुराने फुट ओवर ब्रिज का उपयोग न करें तथा नए फुट ओवर ब्रिज से ही आवागमन सुनिश्चित करें।**

नवभारत न्यूज

**पिपरिया, 08 नवम्बर** पिपरिया स्टेशन के इटारसी छोर पर नवीन फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने के पश्चात जबलपुर छोर स्थित पुराने फुट ओवर ब्रिज को स्थायी रूप से किया जा रहा है बंद. मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले पिपरिया स्टेशन के जबलपुर छोर पर स्थित पुराना फुट ओवर ब्रिज अत्यधिक जर्जर हो जाने के कारण दिनांक 09 नवम्बर 2025 से स्थायी रूप से बंद किया जा रहा है।

धर्मेंद्र सिंह जबलपुर मंडल जनसंपर्क अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, पिपरिया स्टेशन के इटारसी छोर पर नवीन फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। अत: सभी रेल यात्रियों से अनुरोध है कि वे अब पुराने फुट ओवर ब्रिज का उपयोग न करें तथा नए फुट ओवर ब्रिज से ही आवागमन सुनिश्चित करें।